# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिन्दी

Chapter : 14

Chapter Name : गिरगिट

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए-

Q1 काठगोदाम के पास भीड़ क्यों इकट्ठी हो गई थी?
Answer: ख्यूक्रिन की ऊंगली को कुत्ते ने काट लिया था। उसके चीखने और कुत्ते को घसीटने की आवाज़ सुनकर भीड़ इकट्ठी हो गई थी।

Page no. 105 Block name. मौखिक

aglasem.com

Q2. उँगली ठीक न होने की स्थिति में ख्यूक्रिन का नुकसान क्यों होता?
Answer:
ऊँगली ठीक न होने की स्थिति में ख्यूक्रिन एक हफ्ता काम नहीं कर सकता था क्योंकि उसका काम बहुत पेचीदा था। इससे उसे आर्थिक नुकसान भी होता है।

Page no. 105 Block name. मौखिक

Q3. कुत्ता क्यों किकिया रहा था?
Answer:
ख्यूक्रिन ने कुत्ते को बहुत पिटा था और टाँग से पकड़कर घसीट रहा था इसलिए कुत्ता किकिया रहा था।

Page no. 105 Block name. मौखिक

Q4. बाज़ार के चौराहे पर खामोशी क्यों थी?
Answer:
इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव वहाँ से गुज़र रहा था जो कि एक भ्रष्ट सिपाही था और जबरन वसूली करता था इसलिए चौराहे पर खामोशी थी।

Page no. 105 Block name. मौखिक

Q5. जनरल साहब के बावर्ची ने कुत्ते के बारे में क्या बताया?

Answer:
जनरल साहब के बावर्ची ने बताया कि कुत्ता जनरल साहब के भाई का है।

Page no. 105 Block name. मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए -

Q1 ख्यूक्रिन ने मुआवज़ा पाने की क्या दलील दी?
Answer:
ख्यूक्रिन ने कहा कि वह एक कामकाजी आदमी है और उसका काम बहुत पेचीदा किस्म का है। कुत्ते के काटने से उसकी उँगली ठीक होने की स्थिति में न थी।अब वह एक हफ़्ते तक काम नहीं कर सकता था जिससे उसे आर्थिक नुक्सान होगा।इसलिए कुत्ते के मालिक से मुझे हरजाना दिलवाया जाये।

Page no. 105 Block name. लिखित

Q2 ख्यूक्रिन ने ओचुमेलॉव को ऊँगली ऊपर उठाने का क्या कारण बताया?
Answer:
ख्यूक्रिन ने ओचुमेलॉव को उँगली ऊपर उठाने का कारण बताते हुए कहा कि इस ऊँगली को कुत्ते ने काट लिया है। अब मैं काम कैसे करूगाँ। मुझे इसका हरजाना दिलवाया जाये।

Page no. 105 Block name. लिखित

Q3 येल्दीरीन ने ख्यूक्रिन को दोषी ठहराते हुए क्या कहा?
Answer:
येल्दीरीन ने ख्यूक्रिन को दोषी ठहराते हुये कहा कि यह शरारती किस्म का आदमी है।कुत्ता बेवकूफ़ है जो इसे काटता,ज़रूर इसने अपनी जलती सिगरेट से इस कुत्ते की नाक को जलाया होगा।

Page no. 105 Block name. लिखित

Q4 ओचुमेलॉव ने जनरल साहब के पास यह संदेश क्यों भिजवाया होगा कि 'उनसे कहना कि यह मुझे मिला और मैंने इसे वापस उनके पास भेजा है' ?
Answer:
ओचुमेलॉव यह बताना चाहता था कि उसे जनरल साहब और उसके कुत्ते का कितना ख्याल है। वह एक चापलूस किस्म का इंसान है। उसने यह संदेश इसलिए भिजवाया कि वह जनरल साहब को खुश कर सके और वह उसे एक बेहतर इंस्पेक्टर समझे।

Page no. 105 Block name. लिखित

aglasem.com

Q5 भीड़ ख्यूक्रिन पर क्यों हँसने लगती है?
Answer:
एक तो ओचुमेलॉव पल-पल गिरगिट की तरह रंग बदल रहा था। कहाँ तो ख्यूक्रिन मुआवज़े की बात कर रहा था पर जब उसको ही दोषी ठहरा दिया गया तो भीड़ ख्यूक्रिन पर हँसने लगी।

Page no. 105 Block name. लिखित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए -

Q1 किसी कील वील से उँगली छील ली होगी- ऐसा ओचुमेलॉव ने क्यों कहा?
Answer:
ओचुमेलॉव एक चापलूस किस्म का सिपाही है।जब उसको पता चला कि कुत्ता जनरल साहब का है तो उसे खुश करने के लिए ख्यूक्रिन को ही दोषी ठहराते हुए कहा कि तुम बेमततब ही कुत्ते को दोष दे रहे हो किसी किल- वील से उँगली छील ली होगी ताकि तुम इसके मालिक से पैसा ले सको।

Page no. 105 Block name. लिखित

Q2 ओचुमेलॉव के चरित्र की विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए।
Answer:
ओचुमेलॉव एक बहुत ही चालाक,चापलूस, भ्रष्ट और धूर्त किस्म का सिपाही है। वह चापलूसी करके जनरल साहब को खुश करना चाहता है। जब उसे पता चला कि कुत्ता जनरल साहब का है तो वह ख्यूक्रिन को दोष देने लगा और जब यह मालूम नहीं था तो वह खयूक्रिन का साथ देता रहा और कुत्ते के मालिक को दोष देता रहा।

Page no. 105 Block name. लिखित

Q3 यह जानने के बाद कि कुत्ता जनरल साहब के भाई का है- ओचुमेलॉव के विचारों में क्या परिवर्तन आया और क्यों?
Answer:
वह एक चालक,चापलूस और धूर्त किस्म का व्यक्ति है। जैसे हो उसे पता लगता है कि कुत्ता जनरल साहब के भाई का है तो वह गिरगिट के तरह रंग बदल लेता है। जो अब तक ख्यूक्रिन का साथ दे रहा था अब उसे ही दोषी ठहराने लगा।यह जनरल साहब को खुश करने के लिए उसने ऐसा किया और ताकि उसकी तरक्की हो जाये।

Page no. 106 Block name. लिखित

Q4 ख्यूक्रिन का यह कथन कि 'मेरा एक भाई भी पुलिस में हैं...।' समाज की किस वास्तविकता की ओर संकेत करता है?
Answer:

aglasem.com

आज समाज में भाई - भतीजावाद,जान - पहचान,और पहुँच का कितना महत्व है।इस कथन में लेखक ने भी यही दर्शाने की कोशिश की है। और अपनी कोई जान- पहचान बता कर आप कैसे लाभ उठा सकते है।खयूक्रिन का यह कथन कि 'मेरा एक भाई भी पुलिस में हैं। यह बताता है कि अगर आपका कोई रिश्तेदार चाहे दूर का है यदि वह किसी उच्च पद पर है तो आप अपनी बात कितने प्रभावशाली ढंग से रख सकते हैं।

Page no. 106 Block name. लिखित

Q5 इस कहानी का शीर्षक 'गिरगिट' क्यों रखा होगा? क्या आप इस कहानी के लिए कोई अन्य शीर्षक सुझा सकते है? अपने शीर्षक का आधार भी स्पष्ट कीजिए।

Answer:

इस पाठ में लेखक का मकसद समाज को उसकी वास्तविकता की तस्वीर दिखाने का है। लेखक ने दिखाया है कि कैसे लोग परिस्थियों के अनुसार बदल जाते है ।खयूक्रिन सही होते हुए भी गलत साबित हुआ और इंसपेक्टर ने गिरगिट की तरह रंग बदल लिया ।इस कहानी का यह शीर्षक बिलकुल सही है। यदि कोई ओर शीर्षक रखा भी जाये तो वह मौके के अनुसार बदल जाना हो सकता है।

Page no. 106 Block name. लिखित

Q6 'गिरगिट' कहानी के माध्यम से समाज की किन विसंगतियों पर व्यंग्य किया गया है? क्या आप ऐसी विसंगतियाँ अपने समाज मे भी देखते हैं? स्पष्ट कीजिए।

Answer:

गिरगिट कहानी के माध्यम से समाज की विसंगतियों जैसे- भ्रष्टाचार,मौके के अनुसार गिरगिट की तरह बदल जाना, भाई- भतीजावाद, ,चापलूसी आदि पर व्यंग्य किया गया है।जिन्होंने हमारे समाज को खोखला कर दिया है।समाज में प्रतिष्ठा के अनुसार लोग एक- दूसरे से कानूनी- गैर कानूनी काम करवा लेते है।

aglasem.com

Page no. 106 Block name. लिखित

निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए।

Q1 उसकी आँसुओं से सनी आँखों में संकट और आतंक की गहरी छाप थी।

Answer:

ख्यूक्रिन ने जब कुत्ते को पकड़कर मारा और घिसटा तो बेचारा डर के मारने काँपने लगा तो उसकी आँखो से आँसू टपक रहे थे जिससे साफ पता चलता था कि उसकी आँखों में आतंक समाया हुआ था।

Page no. 106 Block name. लिखित

Q2 कानून सम्मत तो यही है... कि सब लोग अब बराबर है।

Answer:

इस कथन का आशय यह है कि कानून की नजर में कोई छोटा बड़ा नहीं होता अर्थात सब बराबर होते है।सब के साथ न्याय होना चाहिए।

Page no. 106 Block name. लिखित

Q3 हुज़ूर! यह तो जन-शांति भंग हो जाने जैसा कुछ दिख रहा है।
Answer:
ख्यूक्रिन के चीखने से जब भीड़ इकट्ठी हो गई । तो यह ओचुमेलाव के सिपाही ने यह कहा, जो कि एक चम्मचे टाइप सिपाही है जो केवल आपने बॉस की हाँ में हाँ मिलाते हैं।

Page no. 106 Block name. लिखित

भाषा अध्यन
Q1 नीचे दिए गए वाक्यों में उचित विराम -चिन्ह लगाइए-
क) माँ ने पूछा बच्चों कहाँ जा रहे हो
ख) घर के बाहर सारा समान बिखरा पड़ा है
ग) हाय राम यह क्या हो गया
घ) रीना सुहेल कविता और शेखर खेल रहे थे
ङ) सिपाही ने कहा ठहर तुझे अभी मजा चखाता हू

Answer:

क) माँ ने पूछा ,"बच्चों कहाँ जा रहे है"।
ख) घर के बाहर सारा समान बिखरा पड़ा है।
ग) हाय राम !यह क्या हो गया।
घ) रीना, सुहेल, कविता और शेखर खेल रहे थे।
ङ) सिपाही ने कहा ठहर," तुझे अभी मजा चखाता हूँ"।

Q2 ही,भी, तो, तक आदि निपातों का प्रयोग करते हुए पाँच वाक्य बनाइए।
Answer:
ही-इन सब में केवल तुम ही ईमानदार हो।
भी- मैं भी आपके साथ जाऊँगा।
तो - ये तो कमल का पैन है।
तक- रात तक आ जाना।

Q3 पाठ में आए मुहावरों में से पाँच मुहावरे छाँटकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।
1) घेर कर खड़े हो जाना- चोर को लोग घेर कर खड़े हो गये।
2) माथे मढ़ देना - रमेश ने सारा दोष मेरे माथे मढ़ दिया।
3) ज़मीन फाड़कर निकल जाना- अभिनेता को देखकर लोग ज़मीन फाड़कर निकल आये।

aglasem.com

4) मज़ा चखाना - चोर को सबने मिलकर मज़ा चखाया।
5) ज़िंदगी नरक होना- भूचाल में सब कुछ खत्म होने से उसकी जिंदगी नरक हो गई।

Q4 नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए-

क) …………+भाव =..........
ख) …………+पसंद =..........
ग)…………+ = धारण =..........
घ) …………+ = उपस्थित =.......
ड़) …………+ = लायक =..........
च) …………+ = विश्वास =.........
छ) …………+ = परवाह =..........
ज) …………+ = कारण = ……….

Answer:

क) दुर +भाव =दुर्भाव
ख) ना +पसंद। =नापसंद
ग) सा +धारण। =साधारण
घ) अनु +उपस्थित =अनुपस्थित
ड़) ना + लायक =नालायक
च) अ+ विश्वास =अविश्वास
छ) ला + परवाह। =लापरवाह
ज) अ + कारण। =अकारण

aglasem.com

Q5:

मदद +............... = ………….
बुद्धि +............... = ………….
गंभीर +............... = ………….
सभ्य +............... = ………….
ठंड +............... = ………….
प्रदर्शन +............... = ………….

Answer:

मदद + गार = मददगार
बुद्धि + मति = बुद्धिमति
गंभीर + ता = गंभीरता
सभ्य + हीन = सभ्यहीन
ठंड + क . = ठंडक
प्रदर्शन + कारी = प्रदर्शनकारी

Q6 :

क) दुकानों में <u>ऊँघते हुए चेहरे</u> बाहर झाँके।
ख) <u>लाल वालो वाला</u> एक सिपाही चला आ रहा था।
ग) यह ख्यूक्रिन हमेशा कोई न कोई <u>शरारत करता रहता है।</u>
घ) एक कुत्ता <u>तीन टाँगों के बल</u> रेंगता चला आ रहा है।
Answer.
क) दुकानों में <u>ऊँघते हुए चेहरे</u> बाहर झाँके।
Answer:
संज्ञा पदबंध
ख) <u>लाल वालो वाला</u> एक सिपाही चला आ रहा था।
Answer:
विशेषण पदबंध
ग) यह ख्यूक्रिन हमेशा कोई न कोई <u>शरारत करता रहता है।</u>
<u>Answer:</u>
<u>संज्ञा पदबंध</u>
घ) एक कुत्ता <u>तीन टांगों के बल</u> रेंगता चला आ रहा है।
Answer:
क्रिया पदबंध

aglasem.com